सुविधा | भीषण गर्मी के बीच फायर विभाग की बढ़ी जिम्मेदारी

मप्र का इकलौता हाई प्रेशर फायर ट्रक जबलपुर में

नवभारत, जबलपुर। शहर में लगातार बढ़ते तापमान के साथ आगजनी की घटनाओं का खतरा भी तेजी से बढ़ रहा है। भीषण गर्मी और बिजली उपकरणों पर बढ़ते दबाव के कारण शॉर्ट सर्किट के मामले सामने आ रहे हैं, वहीं सूखी घास, कचरे के ढेर और लापरवाही भी आग फैलने की बड़ी वजह बन रही है। ऐसे हालात में अग्निशमन विभाग की जिम्मेदारी और चुनौतियां दोनों बढ़ गई हैं। हालांकि विभाग सतर्कता और राहत कार्य में जुटा है, लेकिन सीमित संसाधन और बढ़ती आबादी के बीच व्यवस्थाओं पर सवाल भी खड़े हो रहे हैं। अग्निशमन विभाग के अनुसार शहर में वर्तमान में मुख्यालय, विजय नगर आईएसबीटी और रांझी सहित कुल 3 फायर स्टेशन संचालित हैं। विभाग के पास कुल 12 दमकल वाहन उपलब्ध हैं, जिन्हें हर समय चालू हालत में रखा जाता है ताकि सूचना मिलते ही टीम रवाना हो सके। इनमें 2 छोटे फायर ट्रक ऐसे हैं जिन्हें शहर की संकरी गलियों में पहुंचने के लिए उपयोग किया जाता है। वही 10 चक्का हाई प्रेशर फायर ट्रक भी विभाग के पास मौजूद है, लेकिन पूरे मध्यप्रदेश में एक ही उपलब्ध है।

रांझी स्टेशन से कुछ राहत

रांझी क्षेत्र में पहले अस्थायी व्यवस्था के माध्यम से सेवाएं संचालित की जा रही थीं, लेकिन अब वहां स्थायी फायर स्टेशन तैयार किया जा रहा है। इससे आसपास के क्षेत्रों में राहत कार्य और अधिक तेजी से किया जा सकेगा।

आबादी के साथ बढ़ रही चुनौतियां

फायर विभाग में कुल 123 अधिकारी और कर्मचारी कार्यरत हैं, लेकिन बढ़ती आबादी और नए विकसित हो रहे क्षेत्रों के कारण विभाग पर काम का दबाव लगातार बढ़ रहा है। अधिकारियों का कहना है कि पहले की तुलना में अब कॉल की संख्या अधिक आने लगी है, खासकर गर्मियों के दौरान। फायर विभाग का वार्षिक बजट करीब 40 से 50 लाख रुपए बताया गया है। इसी बजट में वाहनों की मरम्मत, उपकरणों की देखरेख, कर्मचारियों की आवश्यक सामग्री और अन्य व्यवस्थाएं पूरी की जाती हैं। विभाग ने अस्पतालों, गोदामों, बाजारों, मल्टीस्टोरी बिल्डिंग और पटाखा फैक्ट्री वाले क्षेत्रों को सबसे ज्यादा संवेदनशील माना है। यहां छोटी सी चूक भी बड़े हादसे में बदल सकती है। ऐसे स्थानों पर समय-समय पर सुरक्षा ऑडिट और निरीक्षण किए जाते हैं ।

इनका कहना है

गर्मी के मौसम में आग लगने की घटनाएं बढ़ जाती हैं, इसलिए विभाग पूरी तरह अलर्ट मोड पर काम कर रहा है। शहर में मुख्यालय, विजय नगर और रांझी सहित कुल तीन फायर स्टेशन संचालित हैं और हमारे पास 12 दमकल वाहन उपलब्ध हैं। संकरी गलियों के लिए दो छोटे वाहन भी मौजूद हैं, अभी केवल एक ही विशेष 10 चक्का फायर वाहन है। बाकि अन्य रीज़न की जानकारी हमारे पास उपलब्ध नहीं है।

कुशाग्र ठाकुर
अग्निशमन अधिकारी, न. नि.

बाइक की टक्कर से तीन घायल

जबलपुर। मझौली थाना अंतर्गत पशु चिकित्सा के सामने बस का इंतजार कर रहे तीन युवकों को बाइक चालक ने टक्कर मार दी। हादसे में तीनों को चोटें आ गई जिन्हें तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। पुलिस के मुताबिक संजू लाल पटेल 30 वर्ष निवासी फनवानी मझगवां ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह ऑर्डर पर खाना बनाने का काम करता है। भाई पिंकू पटेल एवं अन्य साथी जित्तू केवट, राजेश बर्मन के साथ मझौली शादी में खाना बनाने आया था जहां से रात लगभग 8-20 बजे सिहोरा जाने के लिये पशु चिकित्सा मझौली के सामने के पास मेन रोड किनारे खड़े होकर बस का इंतजार कर रहे थे रात लगभग 8-30 बजे वह फोन पर बात कर रहा था तभी मझौली तरफसे आ रही मोटर सायकल क्रमांक एमपी 21 जेड एच 3633 का चालक तेज गति लापरवाही से चलाते हुये आया और बीच रोड में जानवर बैठे हुये थे जो अपनी मोटर सायकल मोड़ते हुये उसके भाई पिंकू, जित्तू, राजेश को टक्कर मार दिया जिससे तीनों को हाथ पैर एवं शरीर में चोटें आयीं, मोटर सायकल चालक भी गिर गया जो मौका देखकर अपनी मोटर सायकल से भाग गया।

युवती को प्रेम जाल में फंसा लॉज व घर में किया दुष्कर्म

जबलपुर। विजय नगर निवासी एक शादीशुदा युवक ने सोशल मीडिया के जरिए मंडला की 21 वर्षीय युवती को अपने प्रेम जाल में फंसाया। इसके बाद आरोपित ने युवती से माढ़ोताल स्थित लॉज और अपने घर में दुष्कर्म किया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस ने बताया कि पीड़िता मंडला की रहने वाली है, जिसके माता-पिता का निधन हो चुका है। वह अपने चाचा-चाची के साथ रहती थी और एक कपड़े की दुकान में काम करती थी। करीब डेढ़ महीने पहले युवती की पहचान सोशल मीडिया पर विजय नगर निवासी कौशलेंद्र प्रताप सिंह (41) से हुई थी। आरोपित ने बड़ी-बड़ी बातें कर युवती को अपनी बातों में उलझाया और उसे प्रेम जाल में फंसा लिया। 15 अप्रैल को आरोपित कौशलेंद्र किराए की कार लेकर मंडला पहुंचा और युवती को जबरन अपने साथ जबलपुर ले आया। आरोपित युवती को माढ़ोताल स्थित ज्योति लॉज लेकर गया। वहां उसने युवती के खिलाफ उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। लोक-लाज के डर से युवती चुप रही, जिसका फायदा उठाकर आरोपित ने शादी का झूठा भरोसा दिया और 17 अप्रैल को उसे वापस मंडला छोड़ आया। 4 मई को पीड़िता तिलहरी स्थित अपनी मौसी के घर जबलपुर आई थी। इसकी खबर मिलते ही आरोपित ने उस पर मिलने का दबाव बनाया। आरोपित ने युवती को बहला-फुसलाकर अपने किराए के घर बुलाया और फिर से शारीरिक संबंध बनाए। आरोपित कौशलेंद्र पहले से शादीशुदा है और किराए का मकान लेकर रह रहा था। आरोपित के लगातार उत्पीड़न और धोखे से परेशान होकर पीड़िता ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस पीड़िता के बयान के आधार पर आरोपित कौशलेंद्र प्रताप सिंह के खिलाफ मामला दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

ट्रेनों का पकरिया रोड स्टेशन पर नहीं रहेगा ठहराव

जबलपुर, नवभारत। रेलवे प्रशासन द्वारा जबलपुर मण्डल में प्री-नॉनइंटरलॉकिंग एवं नॉनइंटरलॉकिंग कार्य के चलते पकरिया रोड स्टेशन पर पश्चिम मध्य रेल से प्रारंभ टर्मिनेट होने वाली 03 ट्रेनों का चार दिन ठहराव नहीं रहेगा। इसके अतिरिक्त पकरिया रोड रेलवे स्टेशन से होकर गुजरने वाली कुछ ट्रेनों को परिचालनिक आवश्यकताओं के अनुसार रेगुलेट कर चलाया जायेगा इसमें इटारसी-प्रयागराज छिवकी एक्सप्रेस की अवधि 17 से 20 मई तक। 11705 जबलपुर-रीवा शटल एक्सप्रेस अवधि 18 से 21 मई तक। 61605 कटनी-सतना मेमू ट्रेन की अवधि 18 से 21 तक रहेगी।

इन रेलगाड़ियों को पकरिया रोड रेलवे स्टेशन पर रेगुलेट किया गया

- 01144 दानापुर-एलटीटी स्पेशल ट्रेन 110 मिनिट रेगुलेट रहेगी।
- 22912 हावड़ा-इंदौर शिप्रा एक्सप्रेस ट्रेन 50 मिनिट रेगुलेट रहेगी।
- 15267 रक्सौल-एलटीटी एक्सप्रेस ट्रेन 50 मिनिट रेगुलेट रहेगी।
- 20930 बनारस-उधना एक्सप्रेस ट्रेन 40 मिनिट रेगुलेट रहेगी।
- 13201 राजगीर-एलटीटी जनता एक्सप्रेस ट्रेन 30 मिनिट रेगुलेट रहेगी।
- 22937 राजकोट-रीवा एक्सप्रेस ट्रेन 10 मिनिट रेगुलेट रहेगी।
- 61605 कटनी-सतना मेमू ट्रेन 45 मिनिट रेगुलेट रहेगी।

सोती रही वृद्धा, घर से जेवर पार

जबलपुर। विजय नगर थाना अंतर्गत शिवनगर कॉलोनी में चोरों ने एक घर में धावा बोलते हुए पेटी में रखे जेवरात पार कर दिए। चोरों ने वारदात को उस वक्त अंजाम दिया जब वृद्धा गहरी नींद में सो रही थी । पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक शुक्रवार दोपहर में आभा सिंह 50 वर्ष निवासी शिवनगर कॉलोनी विजयनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि भाई के साथ सुबह लगभग 11-30 बजे काम से घर से बाहर गयी थी मां घर में सो रही थीं, शाम लगभग 4 बजे घर वापस आयी थी कुछ दिन बाद मां ने अपनी पेटी देखी पेटी का ताला टूटा हुआ था पेटी में रखी सोने की 1 चैन, 3 जोड़ी टाप्स, 1 अंगूठी गायब थे, उसे संदेह है कि उसकी गैरमौजूदगी में मां के सोते समय कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है।

भाजपा सोशल मीडिया विभाग के जिला सहसंयोजक, सदस्य, संयोजक घोषित

नवभारत,जबलपुर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल के निर्देश पर एवं प्रदेश महामंत्री व जबलपुर संभाग प्रभारी राहुल कोठारी, भाजपा सोशल मीडिया विभाग के प्रदेश संयोजक सुयश त्यागी, भाजपा जिला प्रभारी आलोक संजर, भाजपा जिलाध्यक्ष रत्नेश सोनकर तथा सोशल मीडिया जबलपुर संभाग प्रभारी अमन शर्मा की सहमति से भाजपा सोशल मीडिया विभाग के जिला संयोजक राहुल दुबे द्वारा सोशल मीडिया विभाग के जिला सहसंयोजक, सदस्य, जिला कार्यसमिति सदस्य एवं विधानसभा/मंडल संयोजक की घोषणा की गई है। घोषित टीम में जिला सहसंयोजक - शिवम् सिंगोर, मुकेश यादव, प्रशांत गुप्ता, देवल मिश्रा, जिला सदस्य - राहुल जैन, पूजा राठौर, आकाश रजक 'आशू', मोहित प्रजापति, योगेश मिश्रा, दिलीप पटेल मोनू, पूर्व विधानसभा संयोजक - रितेश रजक निक्की, उत्तर विधानसभा संयोजक - आकाश सेन, केन्ट विधानसभा संयोजक - विकास नोटनानी बाबू, पश्चिम विधानसभा संयोजक - प्रदीप राम पटेल अटल बिहारी बाजपेयी मंडल संयोजक- रोहित कुरील, छत्रपति शिवाजी मंडल संयोजक - नितिन रजक, वीरसावरकर मंडल संयोजक - सचिन ठाकुर, भगत सिंह मंडल संयोजक - मुकेश पांडे, लोकमान्य तिलक मंडल संयोजक - कपिल विश्वकर्मा, श्यामा प्रसाद मुखर्जी मंडल संयोजक - अजीत सिंह, नेताजी सुभामाचंद्र बोस मंडल संयोजक - अमितेश श्रीवास्तव, शहीद अब्दुल हमीद मंडल संयोजक - यासीन मोहम्मद, कुशाभाउ ठाकरे मंडल संयोजक - उपेन्द्र कोमटा, पं. दीनदयाल उपाध्याय मंडल संयोजक - अंशु गुप्ता, स्वामी विवेकानंद मंडल संयोजक - प्रवीण त्रिपाठी, चन्द्रशेखर आजाद मंडल संयोजक - रविकांत पाठक, आचार्य विगसागर मंडल संयोजक - वैभव माण्डले, मां नर्मदा मंडल संयोजक - आकाश गोस्वामी, रानी दुर्गावती मंडल संयोजक - दिलीप तिवारी, महाराणा प्रताप मंडल संयोजक - विकाश पांडे , गिरिराज किशोर कपूर मंडल संयोजक - सौरभ विश्वकर्मा, महर्षि वाल्मिकी मंडल संयोजक - ब्रजेन्द्र सिंह राजपूत के नाम शामिल हैं।

एक नजर में

धार्मिक टिप्पणी, युवक की पिटाई करने वालों पर लगे रासुका

जबलपुर। राजधानी भोपाल में विगत दिनों लव जिहाद का आरोप लगाते हुए एक युवक के साथ कथित मारपीट, अपमानजनक व्यवहार और धार्मिक भावनाओं को आहत करने के आरोपों को लेकर अधिवक्ताओं ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन अपर कलेक्टर ऋषभ जैन को सौंपकर रासुका के तहत कार्रवाई की मांग की। इस दौरान अधिवक्ता मो.सलीम खान, मुईन खान, अदनान अंसारी,जानी खान, शफी खान, शाहिद अली, शाहजाद खान, अख्तर अली, मो.इमरान, एम.एच चौधरी, सलामुद्दीन मंसूरी, आबिद मंसूरी, ए.के अशरफी, मकसूद नबी, सोहिब खान, आदि मौजूद थे।

प्रतिबंधित पटाखा फैक्ट्रियों पर कार्रवाई नहीं तो जाएंगे हाईकोर्ट

जबलपुर। नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंचए जबलपुर ने राष्ट्रीय हरित अधिकरण, एनजीटी के पूर्व निर्देश के बावजूद प्रतिबंधित पटाखा फैक्ट्रियों के विरुद्ध ठोस कार्रवाई न होने को लेकर हाईकोर्ट जाने की चेतावनी दी है। मंच के अध्यक्ष डॉ. पीजी नाजपांडे व सामाजिक कार्यकर्ता रजत भार्गव ने बताया कि हरदा के बाद देवास में हासदा हो गया है। पूर्व में एनजीटी ने मुख्य सचिव, डीजीपी व जिला प्रशासन को कार्रवाई के निर्देश दिए थे। जिनका पालन न होने पर एनजीटी के समक्ष विरोध दर्ज कराया गया था। जिसके बाद एनजीटी ने नए सिरे से पुलिस की जिम्मेदारी रेखांकित की थी। साथ ही संबंधित थाना प्रभारियों के विरुद्ध अवमानना की कार्रवाई की चेतावनी दी थी। लेकिन इसके बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाये गये। अधिवक्ता प्रभात यादव ने बताया कि यदि देवास हादसे के मामले में पुलिस प्रशासन ने एक सप्ताह के भीतर कार्रवाई सुनिश्चित नहीं की तो हाईकोर्ट में मामला दायर करेंगे।

सब स्टेशन ऑपरेटर, हेल्पर पर हमला

जबलपुर। पाटन में सबस्टेशन में ड्यूटी पर तैनात ऑपरेटर एवं हेल्पर के साथ उपभोक्तों ने साथियों के साथ मिलकर हमला कर दिया। जानकारी के अनुसार मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के जबलपुर ओएंडएम सर्किल के अंतर्गत पाटन संभाग में सबस्टेशन में ड्यूटी पर तैनात ऑपरेटर चंद्रभान पटेल एवं हेल्पर के साथ बीती रात लगभग 1 बजे उपभोक्ता सुशील पटेल एवं नितीश दुबे सहित लगभग 8-10 लोगों ने लाठी-डंडों से मारपीट कर दी। मारपीट में आउटसोर्स कर्मी सबस्टेशन ऑपरेटर चंद्रभान पटेल के हाथ, पैर एवं आंख में गंभीर चोट आई है। उसका हाथ में फैक्चर हो गया है।

नहीं पहुंचे अधिकारी, गिरफ्तारी की मांग -मप्रविमं तकनीकी कर्मचारी संघ के प्रांतीय महासचिव हरेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि घटना की जानकारी डीसी के कनिष्ठ अभियंता एवं सहायक अभियंता को दी गई थी, किंतु कोई भी अधिकारी स्पॉट पर नहीं पहुंचा। संघ के मोहन दुबे, राजकुमार सैनी, अजय कश्यप, दशरथ शर्मा, विनोद दास, शशि उपाध्याय आदि ने पुलिस प्रशासन से आरोपी विद्युत उपभोक्ता की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है।

शराब समेत तस्कर पकड़ाया

जबलपुर । पाटन पुलिस ने शराब तस्कर को दबोचा है जिसके कब्जे से 319 पाव देशी शराब जप्त की गई। टीआई गोपिन्द्र सिंह ने बताया कि कंतोरा तिराहा पर घेराबंदी उत्तम सिंह भदौरिया उर्फ परषोत्तम सिंह भदौरिया 51 वर्ष निवासी सुमन नगर कॉलोनी रिछाई रांझी को दबोचा गया । मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 जेड ए 4292 में टंकी के उपर रखी प्लास्टिक की बोरी, मोटर सायकल की डिक्की एवं थैले की तलाशी लेने पर कुल 319 पाव देशी शराब कीमती लगभग 38 हजार 280 रूपये की रखी मिली। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये उक्त शराब कहां से एवं किससे प्राप्त की गई है के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

राजस्व एवं पुलिस की पटाखा दुकानों में छापेमारी, हुई जांच

जबलपुर । शहपुरा और कटंगी स्थित बारहमासी पटाका दुकानों एवं संग्रहण स्थल पर राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों द्वारा संयुक्त छापेमारी करते हुए जांच की । इस दौरान लायसेंसधारियों को लायसेंस, विस्फोटक अधिनियमों की शर्तों का कड़ाई से पालन करने की हिदायत दी गई। अवैध विस्फोटक या किसी भी प्रकार की अनियमितता पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही करने की चेतावनी दी गई है । विदित हो कि कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने अनुविभागीय दंडाधिकारियों एवं अनुविभागीय पुलिस अधिकारियों को संयुक्त दल गठित कर जिले में स्थित बारहमासी पटाखा संग्रहण, विक्रय एवं विनिर्माण स्थलों का निरीक्षण करने के निर्देश दिये हैं व विस्फोटक अधिनियम 1884, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम 1908, तथा विस्फोटक नियम 2008 का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराने की हिदायत दी है।

सात बिन्दुओं पर जांच

कलेक्टर ने जारी आदेश में अनुविभागीय दंडाधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों कों उनके क्षेत्र के पटाखा विनिर्माण, संग्रहण एवं विक्रय स्थलों का निरीक्षण में सात बिंदुओं पर जांच करने के निर्देश दिये हैं। जिन बिंदुओं में जांच होनी है उसमें स्टॉक का भैतिक सत्यापन, स्टॉक पंजी एंट्री एवं मिलान, बिल बुक, कैश मेमो, जीएसटी आदि की संपूर्ण जानकारी, जारी किये गये लायसेंस में दी गई शर्तों एवं विस्फोटक अधिनियमों की शर्तों का अनुपालन, फायर एनओसी की स्थिति एवं फायर एनओसी की शर्तों के अनुरूप अग्निशमन यंत्रों का अनुपालन, लायसेंस नवीनीकरण की अद्यतन स्थिति तथा प्रस्तावित स्थल से आबादी, स्कूल, सुरक्षा संस्थान, विस्फोटक भंडारण एवं पेट्रोलपम्प आदि से सुरक्षित दूरी शामिल है।

भोजशाला के निर्णय पर हिन्दुओं ने किया मिष्ठान वितरण

जबलपुर, नवभारत। शुक्रवार 15 मई को चार वर्षो से चल रहे धार भोजशाला केस में म.प्र. उच्च न्यायालय की इंदौर खण्डपीठ ने फैसला सुनाते हुए परिसर को मां सरस्वती मंदिर माना कोर्ट ने तथ्यों को देखकर एएसआई के नमाज अदा करने वाले आदेश को खारिज कीय ,माना की परमार वंश के राजा भोज के समय संस्कृत शिक्षा का केंद्र था और यह देवी सरस्वती का मंदिर था इसलिए यहां हिन्दू रोज पूजा कर सकता है। हिन्दू सेवा परिषद् ने इस ऐतिहासिक फैसले का स्वागत करते हुए हर्ष उल्लास के साथ मालवीय चौक पर मिष्ठान वितरण कीया। इस फैसला ने स्पष्ट कर दिया कि अब हिन्दू सप्ताह में सिर्फ एक दिन नहीं बल्कि रोजाना पूजा कर सकता है यह हिन्दुत्व की जीत है। इस मिष्ठान वितरण में गौरव साहू, अभिषेक अहिरवार, जितेंद्र चिमनानी, अंकित विश्वकर्मा, यश अहिरवार एवं अन्य शामिल हुए।

आईपीएल मैच पर लगाया 1 .23 लाख का दांव

सट्टा लगाते युवक गिरफ्तार
मुख्य बुकी बॉबी की तलाश

जबलपुर। सिविल लाइन पुलिस ने कल्चुरी होटल के गेट के पास दबिश देकर आईपीएल सट्टा लगाते युवक को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी के पास से सट्टे का हिसाब-किताब, मोबाइल और नगदी बरामद हुई है।आरोपी ने पंजाब और मुंबई के आईपीएल मैच पर करीब 1,23,000 का दांव लगाया था। मुख्य बुकी बॉबी की तलाश की तलाश की जा रही है।

सिविल लाइन थाना प्रभारी पूर्वी चौरसिया ने बताया कि सूचना मिली थी कि कल्चुरी होटल के गेट के पास एक व्यक्ति मोबाइल पर आईपीएल मैचों पर लाखों रुपये का दांव लगा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर छापा मारा। पुलिस ने घेराबंदी कर संदिग्ध को दबोच लिया, जो फोन पर सट्टेबाजी में व्यस्त था। पूछताछ में आरोपी ने शिवा जॉर्ज (34) निवासी जमुनिया सिंह का बाड़ा, गुरुद्वारा के पीछे, गोरखपुर के कब्जे से स्मार्टफोन, नगद 1,700 जब्त किए हैं। जांच में सामने आया कि आरोपी शिवा जॉर्ज ने 14 मई की रात को चल रहे पंजाब और मुंबई के आईपीएल मैच पर करीब 1,23,000 का दांव लगाया था। आरोपी के मोबाइल से सट्टे के पुराने लेनदेन और लाखों रुपये के हिसाब-किताब का पूरा रिकॉर्ड मिला है।आरोपी शिवा ने खुलासा किया कि वह सट्टा वेबसाइट के जरिए ऑनलाइन दांव लगाता था। इस अवैध कारोबार का मुख्य सूत्रधार बिलहरी निवासी बॉबी है। बॉबी ही शिवा को सट्टे की ऑनलाइन आईडी और क्रेडेंशियल उपलब्ध कराता था। हार-जीत के बाद पैसों का पूरा लेनदेन बॉबी के माध्यम से ही नगद या डिजिटल ट्रांसफर के जरिए होता था। पुलिस ने आरोपी शिवा जॉर्ज और मुख्य बुकी बॉबी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है । बॉबी की तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है ।

भोजशाला प्रकरण में डॉ .एचपी तिवारी रहे याचिकाकर्ता

जबलपुर, नवभारत। धार के बहुचर्चित भोजशाला बनाम कमाल मौला मस्जिद प्रकरण पर मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ ने ऐतिहासिक निर्णय सुनाते हुए इसे हिंदू मंदिर और संस्कृत शिक्षा का केंद्र बताकर हिंदू पक्ष को सौंपने की बात कही। इस प्रकरण पर नगर के समाज सेवी डॉ.एच. पी.तिवारी भी मूल याचिका कर्ता हैं। डॉ.एच.पी. तिवारी ने उच्च न्यायालय के फैसले पर हर्ष व्यक्त करते हुए इसे सनातन धर्म और सनातन परंपरा की जीत निरूपित किया।

डॉ.तिवारी ने बताया कि उनकी याचिका में बहस के दौरान भोजशाला के स्तंभों में अंकित हिंदू प्रतीकों, राजा भोज की पुस्तक समरांगण सूत्रधार में वर्णित भोजशाला से मिलते जुलते तथ्यों तथा एएसआई द्वारा परिसर में की गई खुदाई में प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर अपना पक्ष बेहद मजबूती से रखा गया और उन्हें पूरा विश्वास था कि फैसला उनके पक्ष में ही आएगा। डॉ.तिवारी ने बताया कि यह परिषर वास्तव में राजा भोज द्वारा निर्मित मां सरस्वती का विख्यात मंदिर तथा वैदिक व संस्कृत शिक्षा का विश्व विख्यात केंद्र था जहां पूरी दुनिया से ज्ञान पिपासु विद्यार्थी ज्ञानार्जन हेतु आते थे।

गिरवी रखी कार ले उड़ा चोर सीसीटीव्ही कैमरे में कैद हुई वारदात

जबलपुर। अधारताल थाना अंतर्गत पटेल नगर पटेल में पुलिस के मुताबिक शुक्रवार को साहिल यादव 28 वर्ष निवासी नया मोहल्ला ओमती ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि आटो चलाता है उसके पास आटो के अलावा मारूती आल्टो 800 क्रमांक एमपी 20 सीएच 7892 कार भी है उसके नाम पर रजिस्टर्ड है उसे पैसों की आवश्यकता होने से 25 अगस्त 25 को कार को अपने साथी बलराम साहू निवासी पटेल नगर पटेल किराना के पीछे अधारताल के पास 1 लाख रूपये में गिरबी रखा था जिसका रजिस्टर्ड एग्रीमेंट तैयार किया गया था जिसमें 6 माह के बाद रूपये देकर अपनी कार वापस लेने संबंधी लिखा पढ़ी हुई थी। 10 मई 26 को सुबह लगभग 11 बजे उसे बलराम साहू के बेटे ध्रुव साहू ने फोन कर बताया कि तुम्हारी कार जो हमारे पास गिरवी रखी थी जिसे रात को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले गया है तो वह अपने दोस्त बलराम साहू के घर पटेल नगर अधारताल आया घटना के संबंध में बलराम साहू के घर में लगे सीसीटीव्ही चैक किये जिसमें रात लगभग 3-37 बजे एक व्यक्ति द्वारा उसकी कार क्रमांक एमपी 20 सीएच 7892 ले जाते दिख रहा है।

सफलता | दानपेटी से लगभग 1 से 2 हजार रुपये गायब थे

ठाकुर बाबा मंदिर में चोरी, 3 आरोपी गिरफ्तार

जबलपुर। कटंगी थाना अंतर्गत कांटी में स्थित प्रसिद्ध ठाकुर बाबा मंदिर का ताला तोड़कर दानपेटी साफ करने वाले तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस ने बताया कि ग्राम कांटी निवासी फरियादी सुनील सिंह राजपूत (60) ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बीती रात करीब 12:42 बजे ग्रामीण अनुज राजपूत ने उन्हें फोन पर सूचना दी कि गांव के ठाकुर बाबा मंदिर का ताला टूटा हुआ है। सूचना मिलते ही सुनील सिंह, विजय बहादुर, पुखराज, अनुज सिंह और गोलू ठाकुर तुरंत मंदिर पहुंचे। वहां गेट का ताला

टूटा हुआ था, लोहे की रॉड पड़ी थी और दानपेटी से लगभग 1 से 2 हजार रुपये गायब थे। इसी दौरान गेट के पास छिपा बैठा कांटी गांव का ही नीरज चौधरी (20) ग्रामीणों के हत्थे चढ़ गया। कड़ाई से पूछताछ करने पर नीरज ने उगल दिया कि उसने अपने साथी मोहन चौधरी (19) और शनि चौधरी (20) के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया है।

मोबाइल ढूंढते समय पकड़ाया

पूछताछ में आरोपी नीरज ने बताया कि चोरी के पैसे आपस में बांटकर मोहन और शनि तो भाग निकले, लेकिन नीरज को आंखों से कम दिखाई देने के कारण भागते समय उसका मोबाइल फोन मंदिर के गेट के पास ही गिर गया था। वह अंधेरे में अपना मोबाइल ढूंढ रहा था, तभी ग्रामीण इकट्ठा हो गए और वह पकड़ा गया। सूचना मिलते ही कटंगी पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी नीरज को हिरासत में लिया। इसके बाद फरार आरोपियों की तलाश में छापेमारी की और शनि चौधरी व मोहन चौधरी को भी धरदबोचा। पुलिस ने आरोपी नीरज और शनि के कब्जे से चुराए गए 500-500 रुपये नगद बरामद किए हैं, वहीं आरोपी मोहन के पास से ताला तोड़ने में इस्तेमाल की गई लोहे की रॉड जब्त की है।